अग्रवाल महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ कृष्णकांत गुप्ता जी के निर्देशन में महाविद्यालय स्वच्छता सप्ताह मनाया जा रहा है तथा प्राचार्य जी ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि –

“स्वच्छता में दीजिये अपना योगदान,

स्वच्छता है देश का महान अभियान”

साफ़ सफाई के लिए हमें कभी भी समझौता नहीं करना चाहिए क्योंकि यह पानी और खाने की तरह जरुरी है I यह एक अच्छी आदत है और स्वस्थ बने रहने के लिए सटीक तरीका है I इस अवसर पर स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, सेक्टर-7 के शाखा प्रबंधक श्री धर्मवीर अग्रवाल उपस्थित थे और उन्होंने स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं को समाज में इसी प्रकार के कार्य करने के किये प्रोत्साहित किया I इसमें महाविद्यालय की एन एस एस की तीनों इकाइयों ने भाग लिया I महाविद्यालय में सुबह आठ बजे से स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं ने सफाई अभियान शुरू किया I जैविक व अजैविक कचरे के लिए अलग अलग कूड़ेदान का प्रयोग करना चाहिए और कॉलेज के प्रांगण में जैविक व अजैविक कचरे के लिए अलग अलग कूड़ेदान रखे गए I एन एस एस की तीनों इकाइयों ने अपने अपने संभागों में सफाई की और साथ साथ सभी विद्यार्थियों को स्वच्छता ही स्वस्थता के लिए पहला कदम है इत्यादि कथनों के साथ सभी विद्यार्थियों को जागरूक किया I एन एस एस के अधिकारीगण श्री रविंदर जैन श्रीमती रितु और डॉ रेखा सैन ने स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं के साथ विचार विमर्श कर साप्ताहिक कार्यक्रम के लिए संयुक्त रूप से योजना बनाई I इस अभियान में मुख्य रूप से केशव, मानसी, शुभम, हिनाक्षी, दिव्या, काजल इत्यादि स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाओं का योगदान रहा I